# वी.यू की माँ नर्मदा गौ–कुम्भ 2020 में सक्रिय सहभागिता

जबलपुर। नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के माननीय डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल, कुलपति जी के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा स्वरूप संस्कारधानी में आयोजित माँ नर्मदा गौ कुम्भ–2020 में अपनी सक्रिय सहभागिता का निर्वाहन निर्धारित प्रतिभा विर्सजन कुंड, भटौली, ग्वारीघाट में किया जा रहा है।

नर्मदा गौ–कुम्भ के भव्य आयोजन के अवसर पर इस विश्वविद्यालय द्वारा प्रदर्शन खंड 14 एवं 15 में **''भारतीय गौ–वंशीय नस्लों एवं पंचगव्य उत्पाद प्रदर्शनी''** में भारतीय गौ–वंशीय नस्लों में गिर व साहीवाल गायों का जीवांत तथा उनकी विशेषतायें एवं A-2 दुग्ध की महत्ता फेलेक्स चार्ट/पोस्टर प्रदर्शनी, विभिन्न पंचगव्य उत्पादः तुलसी युक्त गोबर के गमले, गोबर निर्मित ईट, ईधन का विकल्प गोबर युक्त, हवन टिकिया, मच्छरनाशक कुंडली, आदि तथा कार्बनिक खादः केंचुआ खाद का प्रदर्शन किया जा रहा है।

प्रदर्शन खंड में माँ नर्मदा व गौ भक्तों को संचालनालय विस्तार शिक्षा, ना.दे.प.चि.वि.वि., द्वारा प्रकाशित विभिन्न विषयों के पशुपालन साहित्य सामग्रीयों के प्रदर्शन के साथ–साथ निःशुल्क वितरण किया जा रहा है, जिससे पशुपालक रूचि के साथ लाभान्वित हो रहे हैं।

माँ नर्मदा गौ कुम्भ में माननीय श्री भरत यादव जी, जिलाध्यक्ष, जबलपुर, डॉ. विनोद बाजपेयी, कुलसचिव एवं डॉ. जे.के. भारद्वाज, संचालक प्रक्षेत्र के मार्गदर्शन एवं सहयोग अतुलनीय है।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के डॉ. अनिल कुमार गौर, प्रभारी विभागाध्यक्ष/सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी, डॉ. राहुल सेहर, श्री देवेश उपाध्याय, श्री राकेश मिश्रा, श्री विजय चौकसे, श्री आशीष यादव एवं प्रक्षेत्र के सहायकों की गरिमामय उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

भारतीय गौ–वंशीय नस्लें गिर एवं साहीवाल गायों व आवश्यक आहार पोषण सामग्री आदि के परिवहन में नगर निगम, जबलपुर का सहयोग प्रशंसनीय रहा है।

**सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी,**
**ना.दे.प.चि.वि.वि., अधारताल, जबलपुर (म.प्र.)**